प्रवाह

जून 2019 षोडश अंक

आर. सी. ए. गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा
का अर्द्धवार्षिक पत्र

In this Issue ....

- From the Principal's Desk
- Editorial
- Experts' Corner
- Students' Corner
- Bulletin Updates
- Achievements
- From Newspapers
- Memories

Editorial Board ....

Patron :
Dr. Preeti Johari
Chief Editor :
Dr. Anju Bala Agrawal
Editor :
Dr. Archana Pal
Creative Head :
Dr. Sandhya

Principal Desk

प्रिय अभिभावकगण एवं छात्राओं,

पुनः 'प्रवाह' के माध्यम से आप लोगों से अपने विचार साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। अब, जबकि वर्तमान सत्र लगभग समाप्त हो चुका है, यह सही समय है जब हम पिछले सत्र की गतिविधियों और उपलब्धियों का पुनरावलोकन कर आपको उनसे अवगत कराएं और इन उपलब्धियों के आधार पर आगामी सत्र की योजनाओं का प्रारूप तैयार करें।

महाविद्यालय में उच्च स्तरीय अध्यापन के साथ–साथ छात्राओं में श्रेष्ठ नैतिक तथा चारित्रिक मूल्यों की स्थापना एवं संवर्धन हमारी सदैव ही प्राथमिकता रही है। साथ ही वर्तमान परिदृश्य की आवश्कताओं के अनुरूप छात्राओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए तैयार करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। पारम्परिक शिक्षा के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान तथा कौशल विकास आज प्रत्येक छात्रा के व्यक्तित्व विकास एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कला एवं वाणिज्य विषयों से संबंधित निम्न तीन त्रैमासिक कौशल विकास पाठ्यक्रमों (ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटिशियन, कम्प्यूटर फन्डामेन्टल्स एवं टैली) के निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन स्थानीय 'खजानी पालिटेक्नीक' के सहयोग से किया गया तथा परीक्षा के उपरांत छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त चित्रकला की छात्राओं के लिए Clay Craft की 10 दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वर्तमान तकनीकी युग में कला/वाणिज्य संकाय की छात्राओं को भी सामान्य तकनीकी ज्ञान होना समाज के साथ चलने के लिए नितांत आवश्यक है। इस दृष्टि से पूरे सत्र में 2 बार एक–एक सप्ताह की डिजिटल साक्षरता कार्यशाला (Digital Literacy Workshop) का भी आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 150 छात्राओं ने Email, Mobile Banking, Net Banking, Online Payment इत्यादि दैनिक आवश्यकता के कार्यों को कुशलतापूर्वक करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विगत सत्र में कौशल विकास के इन पाठ्यक्रमों में छात्राओं एवं अभिभावकों की रूचि एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनकी आवश्यकता को देखते हुए उपरोक्त तीनों पाठ्यक्रमों का आयोजन दिनांक 07 मई 2019 से अन्य छात्राओं के लिए पुनः किया जा रहा है। जिससे लगभग 120 छात्राओं को उपरोक्त तीन विधाओं में से किसी एक विधा में प्रशिक्षित किया जाएगा एवं तत्पश्चात प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। स्नातक होने के पश्चात् अपने लिए रोजगार प्राप्त करने अथवा स्वयं अपना निजी रोजगार स्थापित करने में यह प्रशिक्षण वास्तव में इन छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए आगामी सत्र में नियमित कक्षाओं के साथ पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त कुछ अन्य कौशल विकास पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी महाविद्यालय में की जा रही है जिसमे योग शिक्षक का प्रशिक्षण भी सम्मिलित है। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली प्रत्येक छात्रा को कोई एक कौशल विकास प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।

इसके अतिरिक्त छात्राओं के पठन पाठन को अधिक रूचिकर बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक विषय में माह मे दो–बार आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए Power Point Presentation के माध्यम से कक्षाएं लिए जाने की भी योजना है।

मुझे आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि छात्राओं के बहुमुखी विकास की इन योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में हमें आप सभी अभिभावकों का भी अभीष्ट सहयोग प्राप्त होगा और इस महाविद्यालय परिसर में हम छात्राओं के सुदृढ़ और सुरक्षित भविष्य की नींव रखने में सफल होगें।

प्रीति जौहरी

Editorial

Dear Students,

"Grow old along with me! The best is yet to be." Yes, in life one has to face ups and down, but one should not give up hopes. The feelings of despondency, despair and disappointment should not work as speed breaker on the road to success. In order to garner success, one has to seize opportunities and replace negative feeling by radiant feelings of hope and optimism. The great thinker Swet Martin has said that the life without hope destroys all the valuable elements of life. There is no place in civilization for a person who is dejected and without hope. Dejection is a sin. It makes a person so weak and coward that he becomes indifferent to achievements and progress. Dejection, like a devil, carries a person to destruction. Even optimistic persons have to face dejection but their dejection is momentary. Their dejection does not deter them from the path of hope. Life is a mixture of contradictory things, positive as well as negative. Despair, fear, sloth, fatalism and temporary failures should not obstruct our path to success.

We should have the attitude, 'Yes I can do it'. Inferiority complex gives rise to the feeling of pity. A man of inferiority complex is always afraid of taking up any great work. He always considers himself helpless and powerless. Mahaprabhu Shaknkaracharya has rightly said, " So long as you consider yourself to be an object of pity, you will always remain a beggar and will not be able to do anything worthy of achievement." So consider dejection and failure as a passing phase. Only he falls who rides a horse. Get up again and ride the horse. For fear of falling if the riding of the horse is abandoned and for fear of death if life is not lived then what would be the plight of human society, can be easily imagined. Actionlessness makes a man victim of inferiority complex and dejection makes the man actionless. The combination of dejection and actionlessness does not allow a person to proceed on the path of progress.

In the modern times the fight for Indian freedom is a glaring example of undying hope and getting victory in the end. The fight for Indian freedom was suppressed many times and often appeared to be a failure. But the freedom fighters always remained devoted to their cause and were always hopeful of getting to the goal. In the end victory smiled on them and Bharat became a free country, It is always said that " there is always a light at the end of the tunnel and it may seem hard to get to it but you can do it and just keep working towards it and you will find positive side of things." So dear students, focus on your studies and develop yourself wholeheartedly to excel in life.

With best wishes.

Yours sincerely

Anju Bala Agrawal

पर्यटन के क्षेत्र में कैरियर की संभावनायें

डॉ. अंजुबाला अग्रवाल
प्रभारी, अंग्रेजी विभाग

सैर कर दुनिया की गाफिल जिन्दगानी फिर कहाँ।
जिन्दगी गर कुछ रही तो नौजवानी फिर कहाँ।।

राहुल सांकृत्यायन का यह फल सफा वर्तमान समय में काफी प्रचलित है। आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में पर्यटन एक संजीवनी की तरह है, जो व्यक्ति को तरोताजा कर देता है। आज शहरों की व्यस्त जिन्दगी, प्रदूषण, शोर–शराबे से दूर व्यक्ति सप्ताहांत या एक आध सप्ताह के लिए सुकून तलाशने पहाड़ों, नदियों या जंगलों में जाना चाहती है। पर्यटन तरोताजा ही नहीं करता वरन् इससे आपको नई–नई चीजों को देखने, अनुभव करने और सीखने का मौका भी मिलता है। छुट्टियाँ बिताने के लिए लोग इन दिनों घूमने फिरने में ज्यादा दिलचस्पी लेने लगे हैं। पर्यटन का रुझान बढ़ने से इन क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर भी पैदा हो रहे हैं। आप अपनी योग्यतानुसार मैनेजर और टूर गाइड से लेकर टूर आपरेटर, ट्रांसपोर्ट अफसर, हॉली डे कंसल्टेन्ट आदि के रूप में आकर्षक कैरियर बना सकते हैं।

भारत अपनी ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक खूबसूरती के लिये पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार एशियाई देशों में भारत पर्यटकों के लिए तेजी से आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। भारत की समृद्ध संस्कृति, पर्यटकों के अलग–अलग अनुभव और सस्ते में उपलब्ध होने वाली सहूलियतें लोगों को यहाँ खींच लाती हैं। यहाँ हर साल 1 करोड़ से भी ज्यादा विदेशी पर्यटक आते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आम बजट में भी संस्कृति मंत्रालय व पर्यटन मंत्रालय को अच्छी धनराशि आवंटित की गई है, जिससे इस क्षेत्र का और तेजी से विकास किया जा सके। इस क्षेत्र में पठन–पाठन को बढ़ावा देने के लिए अलग से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैरिटेज एंड कंजर्वेशन नाम से एक संस्थान की स्थापना भी की जाने की योजना है, जहाँ युवा शोध के अलावा इनकी पढ़ाई भी कर सकेंगे।

तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र में समुचित पढ़ाई के बाद आप हॉस्पिटेलिटी, एयर लाइंस और बैंकों में भी अपने लिए नौकरी तलाश सकते हैं। ये सभी क्षेत्र भी पर्यटन के ही सहायक माने जाते हैं, जहाँ फ्रंट ऑफिस, एक्जीक्यूटिव, टिकटिंग स्टाफ, मेंटिनेंस स्टाफ, टूर प्लानर, फ्लाइट अटेंडेंड, ड्राइवर, गाइड आदि के रूप में जॉब के विकल्प हो सकते हैं। घरेलू और विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या से होटल एवं एयरलाइंस इंडस्ट्री को भी मजबूती मिली है। पर्यटन की पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिये इन क्षेत्रों में भी रोजगार की संभावनायें बढ़ी है। पर्यटन की पढ़ाई करके युवा सरकारी नौकरी भी पा सकते हैं। यूपीएससी एवं एसएससी परीक्षाओं को पास करके केन्द्र एवं राज्य सरकारों के पर्यटन विभागों में अफसर ग्रेड की नौकरी पा सकते हैं। इग्नू, एमिटी, नोएडा, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, भारती विद्यापीठ पुणे, जे एस एस एकेडमी मैसूर, डॉ. डी.वाई पाटिल विद्यापीठ पुणे जैसे संस्थानों में बी.ए. टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन (पर्यटन प्रबंधन) के रूप में ऑनलाइन डिग्री कोर्स प्रारम्भ होने जा रहा है। भविष्य में अन्य संस्थान भी यह कोर्स प्रारम्भ कर सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से भी देश के विभिन्न संस्थानों में पर्यटन से संबंधित डिग्री एवं डिप्लोमा जैसे कोर्स संचालित हो रहे हैं। इनमें सर्टीफिकेट तथा बैचलर कोर्स के लिये न्यूनतम योग्यता 12 वीं है, जबकि डिप्लोमा या पीजी कोर्स के लिये ग्रेजुएशन चाहिए। पर्यटन के ये कोर्स किसी भी संकाय के विद्यार्थी कर सकते हैं। कई संस्थानों में आजकल बैचलर और मास्टर के अलावा पर्यटन में दो वर्षीय एमबीए कोर्स भी चलाये जा रहे हैं।

आज चूँकि पर्यटन देश की अर्थव्यवस्था में काफी योगदान दे रहा है तो इसका रोजगार में भी योगदान है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आने वाले दिनों में पर्यटन और बढ़ेगा और इसमें ज्यादा लोगों की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिये पुराने परम्परागत ज्ञान से काम नहीं चलने वाला। आपको नई–नई स्किल सीखनी होगी और नए कोर्स करने होंगे।

हिन्दी

शिल्पा यादव
एम.एम हिन्दी फाइनल

हर दिल का अरमान है हिन्दी,
भारत की जुबान है हिन्दी।
ममता का अहसास है हिन्दी,
हम सबका विश्वास है हिन्दी।
हमारी राष्ट्रभाषा है हिन्दी,
विकास की आशा है हिन्दी।
प्यार का इजहार है हिन्दी,
हमारी एकता का तार है हिन्दी।

Bulletin Updates ....

महाविद्यालय में खेल सप्ताह

दिनांक 03.01.2019 से 05.01.2019 तक महाविद्यालय में खेल सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके प्रथम दिन प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी जी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर खेलों का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम 100 मी. दौड़ में राधा प्रथम, दरक्शॉ द्वितीय एवं बबली तृतीय स्थान पर रहीं। इसके पश्चात् मेंढक दौड़ में अर्चना प्रथम, टीना द्वितीय तथा राखी तृतीय, गोला फेंक में शालिनी प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व नेहा तृतीय, भाला फेंक में नेहा प्रथम, बबली द्वितीय व लक्ष्मी तृतीय, चक्का फेंक में प्रीति गौतम प्रथम, राधा वर्मा द्वितीय व छवि तृतीय स्थान पर रहीं।

दिनांक 04.01.2019 को महाविद्यालय में चल रहे खेल सप्ताह के दूसरे दिन जिन खेलों का आयोजन किया गया उसमें साथी दौड़ में श्रेया अग्रवाल व दीप्ति प्रथम, रितु व सोनिया शर्मा द्वितीय रहीं। शतरंज में हनी, सिमरन व मनु प्रथम, द्वितीय व तृतीय, बैडमिंटन सिंगल में काजल प्रथम, स्नेहा गौड़ द्वितीय, बैडमिंटन डबल्स में स्नेह व काजल प्रथम तथा मुस्कान व मीनाक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं।

दिनांक 05.01.2019 को खेल सप्ताह के तीसरे दिन छात्राओं के साथ–साथ शिक्षिकाओं के खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में टेबिल टेनिस में मोहिनी शर्मा प्रथम, मुस्कान सैनी द्वितीय व शैली शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। शिक्षिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ में श्रीमती स्वाति पारीक प्रथम, नीतू राजपूत द्वितीय एंव तृतीय स्थान पर डा. नीतू गोस्वामी व डा. सुनीता अवस्थी रहीं। साथ ही रिले दौड़ में श्रीमती स्वाति पारीक, डा. योगेन्द्री प्रथम, डा. सुनीता अवस्थी, डा. वीरमति द्वितीय एवं श्रीमती साधना सारस्वत, डा. नेहा सक्सैना तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल कुर्सी दौड़ में डा. अर्चना पाल प्रथम, नीतू राजपूत द्वितीय एंव तृतीय स्थान पर डा. सुनीता अवस्थी रहीं। इसी अवसर पर महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारी वर्ग के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर दौड़ में अनुज बंसल प्रथम, करतार सिंह द्वितीय एवं अनेक सिंह तृतीय, म्यूजिकल कुर्सी दौड़ में पवन सिकरवार प्रथम, गौरी शंकर द्वितीय एवं करतार सिंह तृतीय तथा गोला फेंक में पवन सिकरवार प्रथम, प्रदीप कुमार द्वितीय व करतार सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इस आयोजन में डा. सुनीता अवस्थी एवं छात्राओं में मोहिनी शर्मा, रमा चौधरी व वर्षा का पूर्ण सहयोग रहा।

वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण

दिनांक 07.01.2019 को महाविद्यालय में 03.01.2019 से 05.01.2019 जनवरी तक आयोजित वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र मित्तल, सचिव श्री गिरीश अग्रवाल एवं श्री दीपक भरतिया उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा समस्त विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समूची प्रतियोगिताओं में चैम्पियन ट्राफी स्नेहा गौर को प्राप्त हुई। इसी के साथ शिक्षिकाओं एवं कर्मचारी वर्ग के लिए आयोजित की गईं प्रतियोगिताओं में भी विजयी शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किए गए। खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा श्रीमती मंजू दलाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर ''युवा उड़ान'' कार्यक्रम

दिनांक 12.01.2019 को महाविद्यालय में विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति के संयोजन से एक युवा उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। इसके प्रथम सत्र में विभिन्न कॉलेजों से

आयीं छात्राओं का पंजीकरण किया गया तथा कार्यक्रम के मूल विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में कार्यक्रम की अध्यक्षा डा. अंजुबाला अग्रवाल, मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की बौद्धिक प्रमुख डा. शरद रेनू, कार्यक्रम संरक्षिका श्रीमती ललिता गुप्ता, मुख्य अतिथि श्रीमती शालिनी एवं कार्यक्रम संयोजिका डा. नीतू गोस्वामी द्वारा सामूहिक रूप से माँ सरस्वती, भारत माता व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में अपने अतिथि व्याख्यान में डा. शरद रेनू ने कार्यक्रम के शीर्षक 'राष्ट्र मेरा' पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा है 'राष्ट्र मेरा' ये शब्द हमारी हृदय तंत्री में सदैव गुंजायमान रहना चाहिए। हम सब में कुछ विशेष दक्षता होती है। उस दक्षता के बेहतर और श्रेष्ठ प्रदर्शन से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी न केवल कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं, अपितु अपने राष्ट्र का परचम विश्व में फहरा सकते हैं। अध्यक्षा डा. अंजुबाला अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन के माध्यम से छात्राओं के मध्य स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चरित को सामने रखा और उन्हें प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम संयोजिका डा. नीतू गोस्वामी ने कार्यक्रम की भूमिका के विषय में बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिसको राष्ट्र सेविका समिति की तरूणी बहनों के सहयोग से तैयार किया गया है। प्रथम कार्यक्रम के सत्र का संचालन डा. निधि शर्मा के द्वारा किया गया। आभार डा. नीतू गोस्वामी ने व्यक्त किया। दूसरे सत्र के कार्यक्रम की अध्यक्षता के.आर. महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डा. शोभा पाठक ने की तथा कार्यक्रम का संचालन डा. अंजू सूद ने किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विविध महाविद्यालयों से आयीं छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में सुश्री नीतू राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

मतदाता जागरूकता अभियान

महाविद्यालय में दिनांक 18.01.2019 से 21.01.2019 तक मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। योजनाधिकारी डा. भारती सागर एवं श्रीमती मंजू दलाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सम्पन्न मतदाता जागरूकता अभियान में स्वंयसेविकाओं एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। ''आओ मतदान करे'' पर पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 15 छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष से इन्दु गौतम एवं अंजली क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय रहीं और तृतीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की अंकिता निर्वान रही। निर्णायक मंडल के रूप में महाविद्यालय के राजनीति विभाग से श्रीमती स्वाति पारिक एवं समाजशास्त्र विभाग से डा. नेहा थीं। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान महाविद्यालय में ''सफल लोकतन्त्र के लिए मतदान जरूरी है'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें मेघा गौतम, लक्ष्मी वर्मा एवं शोभना पाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंयसेविकाओं ने अपने निवास स्थल के निकटवर्ती लोगों से सम्पर्क करके मतदान करने एवं इससे जुड़ी जानकारी जन जन तक पहुँचायी।

आर.बी.आई. की स्वायत्ता में हस्तक्षेप विषय पर चर्चा

महाविद्यालय में दिनांक 25.01.2019 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित ''आर.बी.आई. की स्वायत्ता में हस्तक्षेप'' के पक्ष और विपक्ष पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डा. वीरमती ने किया और कहा कि सरकार और आर.बी.आई के बीच सामंजस्य होना चाहिए, क्योंकि इनके सामंजस्य के बिना हमारी अर्थव्यवस्था नहीं चल सकती। रिजर्व बैंक और केन्द्र सरकार के बीच तनाव पहली बार नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अनुसार रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सरकार के बीच संबंध पति–पत्नी की तरह है लेकिन इन संबंधों मे टकराव अधिक नही होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य विशेषज्ञ के.आर. कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग से एसो. प्रो. डा. अशोक कुमार, वाणिज्य विभाग से डा. अनिल सक्सैना और सीएस वसन्त चतुर्वेदी थे। रिजर्व बैंक की स्वायत्ता के पक्ष में छात्रा अंजलि ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिये आर.बी.आई. स्वायत्ता में हस्तक्षेप करना चाहती है। जबकि छात्रा ऋतु का कहना था कि सरकार जनता के हित के लिये अधिक फण्ड की माँग कर रही है। छात्रा जागृति ने कहा कि सरकार इस फण्ड को विनियोग करेगी जिससे उसकी अर्थव्यवस्था का विकास

होगा, जबकि कु. गुंजन ने कहा कि गैर निष्पादित सम्पत्ति (एनपीए) को रिजर्व बैंक रोकना चाहती है इसलिये सार्वजनिक बैंको को त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही (पीसीए) में डाल दिया है। कु. यामिनी ने कहा कि सरकार सैक्शन–7 को जनहित के लिए लागू करना चाहती है। कार्यक्रम के अन्त में डा. अशोक जौहरी ने कहा कि रिजर्व बैंक जो भी कार्य करती है उसके प्रति जवावदेह सरकार होती है। डा. अनिल सक्सैना ने कहा कि सरकार 20–20 मैच खेलती है जो कि अल्पकालीन होता है, जबकि रिजर्व बैंक दीर्घकालीन नीतियाँ बनाती है। सीएस बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार को आर.बी.आई. स्वायत्ता पर भरोसा नहीं है, जबकि संसद ने ही उसको स्वायत्ता प्रदान की है। कार्यक्रम में प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी ने भी सरकार और आर.बी.आई. के सबंधों में सामांजस्य स्थापित करने की बात की। धन्यवाद ज्ञापन डा. सीमा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डा. सुषमा जैन, कु. रूचि जौहरी आदि उपस्थित थे।

कर बचत योजनाओं के साथ वित्तीय नियोजन विषय पर व्याख्यान

दिनांक 29.01.2019 को महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय द्वारा ''कर बचत योजनाओं के साथ वित्तीय नियोजन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस हेतु वित्तीय सलाहकार श्री रूपेश गुप्ता अपने सहयोगी श्री जितेन्द्र चौधरी, श्री अशोक कुमार एवं श्री अरविन्द कुमार सुमन के साथ आये। श्री रूपेश गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार हम करों की बचत करके वित्तीय नियोजन कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि बचत सुरक्षित होती है और विनियोग में जोखिम होता है, लेकिन जोखिम है तो लाभ भी अधिक है। इसके पश्चात् श्री अरविन्द कुमार ने म्यूचल फण्ड्स और ईएलएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने बताया कि म्यूचल फण्ड्स बरगद के वृक्ष की भाँति हैं। देश के आर्थिक विकास हेतु वित्तीय साक्षरता अति आवश्यक है।

अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिताएं

दिनांक 01.02.2019 को महाविद्यालय में विभिन्न अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ये विविध प्रतियोगिताएं विभिन्न प्रायोजकों द्वारा प्रायोजित की जाती हैं, जिनमें किशन लाल सर्राफ स्मृति अंग्रेजी निबन्ध प्रतियोगिता, श्रीमती शान्ति देवी बैजनाथ सर्राफ स्मृति हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता, श्रीमती सावित्री देवी मूलचन्द सर्राफ स्मृति वाद–विवाद प्रतियोगिता, बाबू हरीश चन्द्र अग्रवाल एडवोकेट स्मृति भाषण प्रतियोगिता, श्री बाल मुकुन्द कसेरे अंगूरी देवी स्मृति पोस्टर प्रतियोगिता, श्री हरिदास अग्रवाल स्मृति सुगम संगीत प्रतियोगिता सम्मिलित हैं। इन सभी प्रतियोगिताओं के विविध विषय भी रखे गये थे। जिसमें हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का विषय 'भारतीय नारीः बदलता परिदृश्य बदलती भूमिका', अंग्रेजी निबन्ध प्रतियोगिता का विषय 'इफेक्ट ऑफ ग्लोबलाइजेशन ऑन इंडियन फैमिली स्ट्रक्चर', भाषण प्रतियोगिता का विषय 'निष्पक्ष मतदान के लिए ईवीएम बैलेट पेपर से बेहतर विकल्प है', वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय 'बेहतर शिक्षा के लिए निजीकरण एक सकारात्मक पहल है', पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'सशक्त नारी सशक्त राष्ट्र', तथा संगीत प्रतियोगिता का विषय 'देश भक्ति गीत' था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर, संगीत प्रतियोगिता के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने वाले आयोजकों में श्री देवेन्द्र अग्रवाल, डा. प्रकाश अग्रवाल, श्री प्रवीण अग्रवाल, श्री गिरीश अग्रवाल, श्री महेश मित्तल, डा. अल्पना अग्रवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में कु. चंचल, के.आर. कॉलेज प्रथम, कु. सविता गंगवार, के.आर. कॉलेज मथुरा द्वितीय एवं कु. भावना अग्रवाल, बी.एस.ए कॉलेज, मथुरा तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की ट्राफी के.आर. कॉलेज, मथुरा को दी गयी। अंग्रेजी निबन्ध प्रतियोगिता में कु. उजमा हाशमी, टीकाराम कॉलेज, अलीगढ़ प्रथम, कु. गरिमा, टीकाराम कॉलेज, अलीगढ़ द्वितीय, कु. लंवीशा पाहुजा, बैकुण्ठी देवी तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की ट्राफी टीकाराम कॉलेज, अलीगढ़ को प्रदान की गयी। पोस्टर प्रतियोगिता में अंजलि, आर.सी.ए. कॉलेज, मथुरा प्रथम, अंजलि, बैकुण्ठी देवी कॉलेज, आगरा द्वितीय एवं एकता कुशवाह, के.आर. कॉलेज तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की ट्राफी बैकुण्ठी देवी कॉलेज, आगरा को दी गयी। भाषण प्रतियोगिता में आर्शी नाज, के.आर. कॉलेज प्रथम, अनुराधा गोयल, दाऊ दयाल कॉलेज, शिकोहाबाद द्वितीय, एंव नेहा द्विवेदी, आर.सी.ए. कॉलेज तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की ट्राफी आर.सी.ए. कॉलेज को प्रदान

की गयी। वाद–विवाद प्रतियोगिता में उजमा हाशमी, टीकाराम कॉलेज प्रथम, तृप्ति दुबे बैकुण्ठी देवी कॉलेज द्वितीय एवं शिखा भदौरिया, बैकुण्ठी देवी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की ट्राफी बैकुण्ठी देवी कॉलेज, आगरा को दी गयी। सुगम संगीत प्रतियोगिता में दिव्यांशी, आर.सी.ए. कॉलेज प्रथम, गौरी दीक्षित, आर.सी.ए. कॉलेज द्वितीय एवं शैली, बैकुण्ठी देवी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहीं। ट्रॉफी आर. सी.ए. कॉलेज मथुरा को प्रदान की गयी। इन सभी छः प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में श्रीमती शालिनी शर्मा, श्री गोपाल अग्रवाल, डा. सरला शर्मा, डा. अनिल गहलौत, डा. दीपा अग्रवाल, डा. सरोज जुनेजा, श्री निशेष जार, श्री मनीष चतुर्वेदी, सुश्री निमरा लोधी, श्रीमती कल्पना सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

पुलवामा के शहीदों को शिशिकाओं और छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि

दिनांक 16.02.2019 को महाविद्यालय में कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे देश के सैनिकों के लिए श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं डा. अंजूबाला अग्रवाल, डा. कल्पना वाजपेयी, डा. भारती सागर, डा. नम्रता मिश्रा, डा. संध्या श्रीवास्तव, डा. सुषमा, डा. नीतू गोस्वामी, डा. योगेन्द्री, डा. नेहा सक्सैना, डा. सुनीता अवस्थी, श्रीमती पूजा पालीवाल, कु. रूचि जौहरी, कु. नीतू राजपूत, डा. धर्मेन्द्र वर्मा, डा. रिचा शर्मा श्रीमती कविता एवं समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर हमारे देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके एवं उनके परिवारों की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण

महाविद्यालय में दिनांक 25 फरवरी 2019 को वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि श्री रमेश चन्द मित्तल, विशिष्ट अतिथि, श्री प्रसून सर्राफ, श्रीमती नमिता अग्रवाल, श्री समीर सर्राफ, महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव श्री गिरीश अग्रवाल, श्री रवि मित्तल, श्री विजय प्रकाश, श्री हरीभान अग्रवाल, श्री सतीश कसेरे, प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी द्वारा सामूहिक रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में माँ दुर्गा के नव रूपों का दर्शन कराते हुए माँ दुर्गा स्तुति की भावभीनी प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में श्री कृष्ण लीला, आजादी की जंग, देश के शहीद, राजस्थान का घूमर, दादरा शैली में नृत्य एवं महारास की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गयीं। इन सुन्दर प्रस्तुतियों से भावविभोर होकर आगंतुक अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कारों की घोषणा की गयी। इस अवसर पर वर्ष भर महाविद्यालय में सम्पन्न हुई गतिविधियों में सहभागिता कर विजयी होने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही महाविद्यालय में विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गये जिनमें 2018–19 के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों की श्रृंखला में छात्राओं हेतु पाँच श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये गये। मानविकी में छात्रा कु. मोहिनी शर्मा, सोशल साइंस में नेहा द्विवेदी, फाइन आर्टस में कु. दिव्यांशी शर्मा, स्पोटर्स में काजल वर्मा व वाणिज्य में जाह्नवी शर्मा को पुरस्कृत किया गया। इन सभी पाँचो श्रेणियों में से स्टुडेन्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार कु. नेहा द्विवेदी को मिला। वहीं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों में श्रीमती पूजा पालीवाल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में श्रीमती हरिप्रिया शर्मा को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का पुरस्कार डा. अन्जूबाला अग्रवाल एवं डा. संध्या श्रीवास्तव को सम्मिलित रूप से दिया गया। कु. भूमिका चतुर्वेदी को विश्वविद्यालय में गायन में सर्वाधिक अंक (स्वर्ण पदक) पाने एवं नेहा द्विवेदी को बी.ए. तृतीय वर्ष में सर्वाधिक अंक (स्वर्ण पदक) पाने के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य श्री विजय प्रकाश, राजेन्द्र कुमार सर्राफ एवं सभी श्रेणियों के पुरस्कार प्रायोजक श्री समीर कुमार सर्राफ, श्री प्रदीप सर्राफ एवं श्री गणेश अग्रवाल, महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं डा. कल्पना वाजपेयी, डा. नम्रता मिश्रा, डा. सुषमा जैन, डा. नीतू गोस्वामी, डा. योगेन्द्री, डा. नेहा सक्सैना, डा. सुनीता अवस्थी, श्रीमती पूजा पालीवाल, कु. रूचि जौहरी, डा. धर्मेन्द्र वर्मा, डा. रिचा शर्मा, श्रीमती कविता अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

सर्जिकल स्ट्राइक पर छात्राओं में हर्ष

दिनांक 27 फरवरी 2019 को महाविद्यालय में भारतीय वायु सेना द्वारा पाक पर किये गये सर्जिकल स्ट्राइक (2) के अटैक से उत्साहित छात्राओं द्वारा अपने मनोभावों को व्यक्त

किया गया। छात्रा स्नेहा गौड़ ने कहा कि जब हम सभी भारतीय सो रहे थे तब हमारी भारतीय सेना, प्रधानमंत्री और अधिकारियों ने आंतकियों के खिलाफ रणनीति बनायी और उसे सफलता पूर्वक अंजाम देकर पाक को करारा जवाब देते हुए देश को एक नया विजयी सूरज प्रदान किया है। छात्रा अंजलि ने कविता 'कोटि कोटि जन की कुर्बानी आज मुक्ति का द्वार बनी' सुनाकर अपने भाव व्यक्त किए। वहीं छात्रा दिव्यांशी ने देश भक्ति परक विजयी गीत गाकर देश के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। इससे पूर्व संगीत विभागाध्यक्षा डा. नम्रता मिश्रा जी द्वारा माँ भारती का गुणगान करते हुए एक देश भक्ति गीत ''विश्व में गूँजे हमारी भारती' सुनाया तो सभागार देश भक्ति की लहर में झूमने लगा। वहीं हिन्दी विभागाध्यक्षा डा. नीतू गोस्वामी द्वारा सुनायी गयी कविता 'गौरवान्वित आज देश का हर एक हिन्दुस्तानी' ने सभी को जोश से भर दिया। राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती स्वाति पारीक ने कहा कि जो लोग सर्जिकल स्ट्राइक जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करते हैं उन्हें कल के इस पराक्रम भरे कार्य से निःसन्देह एक सबक मिलेगा कि देश पहले है सत्ता बाद में। शिक्षिका सुश्री नीतू राजपूत ने कहा कि विपक्षी प्रधानमंत्री को चौकीदार कहते हैं तो वास्तव में उन्होंने ये साबित कर दिया है कि वे निःसन्देह देश के सजग प्रहरी हैं, रक्षक हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डा. अंजूबाला अग्रवाल ने कहा कि हमारी वायुसेना ने दिखा दिया कि हम किसी से कम नहीं ये वीरों की भूमि है जहाँ मिट्टी के कण–कण में वीरता है। डा. सुनीता अवस्थी ने कहा कि हमारे देश में जो भी सुविधाएं है वो हमारे जवानों को अधिकाधिक मिलनी चाहिए। शिक्षिका कविता अग्रवाल ने नारे लगवाकर सभागार को जोश से भर दिया। अन्त में प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी जी ने जयशंकर प्रसाद की कविता 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती' सुनाकर सभी को देश भक्ति की प्रेरणा से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापिकाएं उपस्थित थीं।

पाँच दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

दिनांक 15.05.2019 को महाविद्यालय में पाँच दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ डा. सीमा शर्मा के निर्देशन में हुआ। इसका उद्घाटन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी श्री राजेश अग्रवाल ने किया, उन्होंने छात्राओं को योग का महत्व एवं उपयोग बताते हुए प्राणायाम और सूक्ष्म व्यायाम करवाऐ। योग कक्षा का प्रांरभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी, डा. सीमा शर्मा, श्री राजेश अग्रवाल और छात्राओं द्वारा मंत्रोच्चारण के द्वारा किया गया। उसके पश्चात् विभिन्न प्राणायाम भस्त्रिका, कपालभाती, बाह्य प्राणायाम, उज्जायी, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उद्गीथ एवं प्रणव करवाया एवं उनके लाभ बताये। हास्यासन से योग शिविर के प्रथम दिन का समापन हुआ। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योग सत्र में प्रतिभागिता की।

दिनांक 21.05.2019 को योग दिवस के अवसर पर पाँच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। समापन सत्र में पतंजलि महिला योग समिति प्रभारी श्रीमती रूचि द्विवेदी उपस्थित रहीं। डा. सीमा शर्मा एवं रूचि द्विवेदी ने संयुक्त रूप से छात्राओं को योग, प्राणायाम, आसन और व्यायामों का अभ्यास करवाया। प्राणायाम, योग, आसन के महत्व के साथ ही, योग करने में क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिये इस बात पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं ने ''प्रतिदिन योग करेंगे और करायेंगे'' का संकल्प लिया। पाँच दिवसीय योग शिविर में पतंजलि योग समिति के प्रभारी राजेश अग्रवाल जी, युवा प्रभारी तीर्थराज जी का विशेष सहयोग रहा। पतंजलि योग समिति द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी तथा कौशल विकास समिति की प्रभारी डा. संध्या श्रीवास्तव को उपयोगी पुस्तकें (योग एवं प्राणायाम संबंधी) भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

महाविद्यालय में विज्ञान प्रयोगशालाओं का शिलान्यास

दिनांक 06 जून 2019 को महाविद्यालय में विज्ञान प्रयोगशालाओं के लिये शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा की सांसद श्रीमती हेमामालिनी उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के कुलपति डा. अरविन्द दीक्षित ने की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हेमामालिनी को नवांकुर भेंट कर उनका स्वागत महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री रमेश मित्तल ने तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति डा. अरविन्द दीक्षित को सचिव श्री गिरीश अग्रवाल ने नवांकुर भेंट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हेमामालिनी तथा

कुलपति डा. अरविन्द दीक्षित ने विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं की शिलापट्टिका का अनावरण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया कि माननीय सांसद श्रीमती हेमामालिनी द्वारा उपलब्ध करायी गयी 50 लाख की धनराशि के द्वारा ही महाविद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारम्भ कराने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। डा. जौहरी ने कहा कि उनके इस सहयोग के द्वारा महिलाओं और महिलाओं की शिक्षा के प्रति उनकी समर्पण की भावना परिलक्षित हो रही है। डा. प्रीति जौहरी ने कहा कि हम सांसद महोदया को यह विश्वास दिलाते है कि उनकी भावनाओं के अनुरूप ही महाविद्यालय विज्ञान की शिक्षा के माध्यम से मथुरा में कन्या शिक्षा को नया आयाम प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के अवसर पर सांसद श्रीमती हेमामालिनी ने कहा कि उन्होंने राज्य सभा सांसद रेखा जी की सांसद निधि से यह 50 लाख की धनराशि उपलब्ध करायी है, उन्होंने कहा कि बालिकाओं में असीम क्षमता होती है, परन्तु आवश्यकता है कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें तथा आगे बढ़ने का प्रयास करें। श्रीमती हेमामालिनी ने कहा कि आज की बालिकाओं को यदि हम बेहतर अवसर प्रदान करेंगे तो वे अपना भविष्य उज्जवल बना सकती है और उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कि इस विज्ञान संकाय के प्रारम्भ होने से विज्ञान की छात्राओं को इस महिला महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त होगा।

